**-:प्रेस नोट दिनांक 08.02.2025:-**
**थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली ।**

**थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली पुलिस टीम द्वारा "आपरेशन खोज" अभियान के अन्तर्गत चोरी की मोटरसाइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चलाने वाला अभियुक्त चोरी की मोटरसाइकिल के साथ किया गया गिरफ्तार ।**

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली महोदय के द्वारा चलाये गये अभियान "**ऑपरेशन खोज**" के अनुक्रम प्रभारी निरीक्षक फतेहगंज पूर्वी के नेतृत्व में थाना फतेहगंज पूर्वी पुलिस टीम एवं पीआरवी द्वारा संदिग्ध वाहनों की चैकिंग के दौरान करतौली पुलिया के पास चोरी की मोटरसाइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चलाने वाले अभियुक्त विक्रम जीत सिंह गिल पुत्र वीर सिंह गिल निवासी मो0 कानून गोयान कस्बा व थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र 33 वर्ष को चोरी की मोटर साइकिल हीरो स्पैलेण्डर प्रो0 के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना फतेहगंज पूर्वी पर मु0अ0सं0 39/2025 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2)/317(2) BNS पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

**संक्षिप्त विवरण-**

"**आपरेशन खोज**" अभियान के अन्तर्गत थाना क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चैंकिग के दौरान मोटर साइकिल पर पिछली नंबर प्लेट पर हिंदी में अंकित नंबर उ0प्र0 26 डब्लू 8894 को अपने ई- चालान ऐप पर जब चैक किया गया तो मो0सा0 संजीव कुमार पुत्र सुखदेव निवासी कल्यानपुर खास पीलीभीत के नाम पंजीकृत है, ई-चालान ऐप के अनुसार मो0स0 हीरो HF DELUXE अंकित है जिसका चेसिस नंबर MBLHA11ATGGM03837 तथा इंजिन नंबर HA11EJGGM03140 अंकित है, परंतु मौके पर चैकिंग के दौरान मिली मो0सा0 हीरो SPLENDOR PRO है । ई चालान ऐप पर दर्शायी गई मो0सा0 तथा मौके पर मिली मो0सा0 के मोडल में भिन्नता व शक होने पर मौके पर मिली मो0सा0 के चैसिस नंबर MBLHA10A9EHF01433 को ई- चालान ऐप पर चैक किया गया तो गाडी का नंबर UP30Y5856 दर्शाया गया जो NATIONAL INSURANCE CO LTD के नाम पंजीकृत है तथा ब्रांच आंफिस 141 सिविल लांइस हरदोई 241001 का पता अंकित है । मो0सा0 का इंजन नंबर चैक किया गया तो देखा कि इंजन नंबर को खुर्द बुर्द किया गया है । चालक विक्रम जीत सिंह गिल उपरोक्त से जब इस भिन्नता के संबंध मे सख्ती से पूछताछ की गई तो चालक विक्रम जीत सिंह गिल ने बताया कि मैंने यह मो0सा0 विकास भवन परिसर जिला हरदोई से वर्ष 2017 में चोरी की थी । तब से मैं यह मो0सा0 गलत नंबर प्लेट लगाकर इस्तेमाल कर रहा हूँ किसी को शक ना हो इसलिए मैंने इसके इंजन नंबर को खुर्द बुर्द कर दिया था । तत्पश्चात थाना पुलिस द्वारा जनपद हरदोई के थाना कोतवाली सिटी से सम्पर्क कर उक्त मो0सा0 के संम्बन्ध में जानकारी की तो पता चला कि थाना कोतवाली सिटी हरदोई में उक्त मो0सा0 के चोरी होने के संम्बध में मु0अ0स0 399/17 धारा 379 भा0द0वि0 पंजीकृत है ।

- **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण/अपराधिक इतिहास**
  **1.विक्रम जीत सिंह गिल पुत्र वीर सिंह गिल निवासी मो0 कानून गोयान कस्बा व थाना फरीदपुर बरेली उम्र 33 वर्ष।**
  1.मु0अ0सं0 634/16 धारा 406/420/504/506 थाना फरीदपुर जनपद बरेली।
  2.मु0अ0सं0 399/17 धारा 379 भादवि थाना कोतवाली सिटी जनपद हरदोई।
  3.मु0अ0सं0 39/2025 धारा 318(4),338,336(3),340(2),317(2) BNS थाना फतेहगंज पूर्वी बरेली।

- **बरामदगी-**
  चोरी की एक मोटर साइकिल हीरो स्पैलेण्डर प्रो0 नं0 फर्जी गाडी नं0 UP 26 W 8894 सही गाडी नं0 UP 30 Y 5856

- **पुलिस टीम -**

1. प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली ।
2. उ0नि0 हेमन्त कुमार, थाना फतेहगंज पूर्वी. जनपद बरेली।
3. उ0नि0 यूटी बाल किशोर, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
4. पीआरवी 0175 पर नियुक्त हे0का0 843 मोईन खान, नियुक्ति 112, जनपद बरेली।
5. का0 1961 मनीष चन्देला, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।